Series : KL1NM

SET ~ 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **32/1/3**

रोल नं.
**Roll No.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*
*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **21+1** मानचित्र हैं।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथास्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। ( )

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **21** printed pages + **1** Map.

(II) Please check that this question paper contains **38** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

1. *इस प्रश्न-पत्र में **38** प्रश्न हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।*
2. *प्रश्न-पत्र **चार** खंडों - **क, ख, ग** और **घ** में विभाजित है। प्रत्येक खंड **20** अंकों का है।*
   ***खंड क : इतिहास***
   ***खंड ख : भूगोल***
   ***खंड ग : राजनीति विज्ञान***
   ***खंड घ : अर्थशास्त्र***
3. *इस प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय, अति लघु-उत्तरीय, लघु-उत्तरीय, दीर्घ-उत्तरीय और केस/स्रोत आधारित प्रश्न शामिल हैं।*
4. *अति लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न **2** अंक के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
5. *लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न **3** अंक के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **60** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
6. *दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न **5** अंक के हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **120** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
7. ***केस/स्रोत आधारित** प्रश्न **4** अंक के हैं, जिनमें तीन उप-प्रश्न हैं। इन प्रश्नों का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं लिखा जाना चाहिए।*
8. ***मानचित्र आधारित** प्रश्न दो भागों में विभाजित है–*
   ***खंड क : 2** अंक*
   ***खंड ख : 3** अंक*
9. *उत्तर प्रश्नों के अंकभार के अनुसार होने चाहिए। खंड/विषय विशेष के सभी प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में सही क्रम में लिखे जाने अनिवार्य हैं।*
10. *आवश्यकतानुसार प्रत्येक खंड और प्रश्नों के साथ निर्देश दिये गए हैं।*
11. *प्रश्न-पत्र में कोई समग्र विकल्प नहीं है। यद्यपि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है। इन प्रश्नों में से केवल एक ही प्रश्न का उत्तर लिखा जाए।*
12. *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है। इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें।*

## *GENERAL INSTRUCTIONS :*

*Read the following instructions carefully and strictly follow them :*

1. *This question paper contains **38** questions. **All** questions are compulsory.*
2. *Question paper is divided into **FOUR** sections – **A, B, C** and **D.** Each Section carries **20** marks.*

   ***Section A : History***

   ***Section B : Geography***

   ***Section C : Political Science***

   ***Section D : Economics***
3. *This question paper has MCQs, VSAs, SAs, LAs and C/SBQs.*
4. *Very Short Answer (VSA) type questions carry **2** marks each. Answer to each question should not exceed **40** words.*
5. *Short Answer (SA) type questions carry **3** marks each. Answer to each question should not exceed **60** words.*
6. *Long Answer (LA) type questions carry **5** marks each. Answer to each question should not exceed **120** words.*
7. *There are **Case/Source Based** questions (C/SBQs) of **4** marks each having three sub-questions. Answer to each question should not exceed **100** words.*
8. *The **Map Based** question divided into two parts –*

   ***Section A : 2** marks*

   ***Section B : 3** marks*
9. *Answers should be as per the weightage of the questions. All section/subject wise questions must be attempted in the correct order in the answer-book.*
10. *Instructions are given with each section and question, wherever necessary.*
11. *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions has to be attempted.*
12. *In addition to this, note that a separate question has been provided for Visually Impaired Candidates in lieu of questions having visual inputs and map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired Candidates only.*

## खंड – क

## इतिहास

**20**

1. दिए गए चित्र में एक प्रसिद्ध पेंटिंग दिखाई गई है। निम्नलिखित विकल्पों में से इस कलाकृति के चित्रकार का चयन कीजिए : **1**



(A) सत्येन्द्रनाथ बिशि

(B) अबनीन्द्रनाथ टैगोर

(C) रबीन्द्रनाथ टैगोर

(D) राजा रवि वर्मा

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 1 के स्थान पर है।**

'खालसा ट्रैक्ट सोसायटी' मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संचालित होती थी ? **1**

(A) गुजरात (B) बंगाल

(C) महाराष्ट्र (D) पंजाब

2. निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ? **1**

| | **स्तंभ – A (लेखक)** | | **स्तंभ – B (योगदान)** |
|---|---|---|---|
| (A) | सुदर्शन चक्र | – | आनंदमठ |
| (B) | काशी बाबा | – | सच्ची कविताएँ |
| (C) | बाल गंगाधर तिलक | – | केसरी |
| (D) | पंडिता रमाबाई | – | अमर जीबन |

3. नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं। दोनों कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** सोलहवीं शताब्दी के दौरान 'हिंद महासागर व्यापार प्रवाह' में भारतीय उप-महाद्वीप एक महत्त्वपूर्ण बिंदु था।

**कारण (R) :** इसकी भौतिक स्थिति पूर्वी-पश्चिमी एशिया और यूरोप को जोड़ती थी। **1**

**विकल्प :**

(A) दोनों, (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) दोनों, (A) और (R) सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या **नहीं** करता है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

## SECTION – A

### History

**20**

**1.** The given image shows a famous painting. Choose the painter of this art work from the following options : **1**



(A) Satyendranath Bishi

(B) Abanindranath Tagore

(C) Rabindranath Tagore

(D) Raja Ravi Verma

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of question number 1.**

From which of the following regions did the 'Khalsa Tract Society' primarily operate ? **1**

(A) Gujarat (B) Bengal

(C) Maharashtra (D) Punjab

**2.** Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **Column - A (Writer)** | | **Column - B (Contribution)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Sudarshan Chakra | – | Anandmath |
| (B) | Kashi Baba | – | Sacchi Kavitayen |
| (C) | Bal Gangadhar Tilak | – | Kesari |
| (D) | Pandita Ramabai | – | Amar Jiban |

**3.** Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read both the statements and choose the correct option :

**Assertion (A) :** The Indian subcontinent was a crucial point in 'Indian Ocean trade flows' during sixteenth century.

**Reason (R) :** Its geographical location connected East-West Asia and Europe. **1**

**Options :**

(A) Both, (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both, (A) and (R) are true, but (R) is **not** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

4. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. गाँधी-इरविन समझौता | II. रॉलेट ऐक्ट
III. पूना पैक्ट | IV. ख़िलाफ़त आंदोलन

**विकल्प :**

(A) I, III, IV और II | (B) II, IV, III और I
(C) II, IV, I और III | (D) I, III, II और IV

5. **(A)** सोलहवीं शताब्दी से पहले भूमंडलीकरण किस प्रकार शुरू हुआ था ? स्पष्ट कीजिए। 2

**अथवा**

**(B)** पूर्व-आधुनिक विश्व में व्यापार ने बीमारियों को फैलाने में किस प्रकार मदद की ? स्पष्ट कीजिए। 2

6. **(A)** यूरोप में मुद्रण संस्कृति के प्रसार में योहान गुटेनबर्ग की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

**(B)** प्रोटेस्टेंट धर्म-सुधार आंदोलन के विस्तार में मुद्रण की भूमिका की व्याख्या कीजिए। 3

7. **(A)** ''ऑटो वॉन बिस्मार्क जर्मनी के एकीकरण की प्रक्रिया का जनक था।'' इस कथन की परख कीजिए। 5

**अथवा**

**(B)** ''1830 का दशक यूरोप में भारी कठिनाई का समय था।'' इस कथन की परख कीजिए। 5

8. दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**'क्रांति की इस पूजा-वेदी पर हम अपना यौवन नैवेद्य के रूप में लाए हैं'**

बहुत सारे राष्ट्रवादियों को लगता था कि अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ संघर्ष अहिंसा के ज़रिए पूरा नहीं हो सकता। सन् 1928 में दिल्ली स्थित फ़िरोज़शाह कोटला मैदान में हुई बैठक में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी (एच.एस.आर.ए.) की स्थापना की गई। इसके नेताओं में भगत सिंह, जतिन दास और अजॉय घोष शामिल थे। देश के विभिन्न भागों में कार्रवाइयाँ करते हुए एच.एस.आर.ए. ने ब्रिटिश सत्ता के कई प्रतीकों को निशाना बनाया। अप्रैल 1929 में भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने लेज़िस्लेटिव असेंबली में बम फेंका। उसी साल उस ट्रेन को उड़ाने का प्रयास किया गया जिसमें लॉर्ड इरविन यात्रा कर रहे थे। जिस समय भगत सिंह पर मुक़दमा चला और उन्हें फाँसी दी गई उस समय उनकी उम्र केवल 23 साल थी। अपने मुक़दमे के दौरान भगत सिंह ने कहा था कि वे 'बम और पिस्तौल की उपासना नहीं करते' बल्कि समाज में क्रांति चाहते हैं-

'क्रांति मानवजाति का जन्मजात अधिकार है जिसका अपहरण नहीं किया जा सकता। स्वतंत्रता प्रत्येक मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है। श्रमिक वर्ग ही समाज का वास्तविक पोषक है, जनता की सर्वोपरि सत्ता की स्थापना श्रमिक वर्ग का अंतिम लक्ष्य है। इन आदर्शों के लिए और इस विश्वास के लिए हमें जो भी दंड दिया जाएगा, हम उसका सहर्ष स्वागत करेंगे। क्रांति की इस पूजा-वेदी पर हम अपना यौवन नैवेद्य के रूप में लाए हैं, क्योंकि ऐसे महान् आदर्श के लिए बड़े-से-बड़ा त्याग भी कम है। हम संतुष्ट हैं और क्रांति के आगमन की उत्सुकतापूर्वक प्रतीक्षा कर रहे हैं। *इंकलाब ज़िंदाबाद !*'

**4.** Arrange the following in chronological order and choose the correct option : **1**

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | Gandhi-Irwin Pact | II. | Rowlatt Act |
| III. | Poona Pact | IV. | Khilafat Movement |

**Options :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (A) | I, III, IV and II | (B) | II, IV, III and I |
| (C) | II, IV, I and III | (D) | I, III, II and IV |

**5.** **(A)** How had globalization begun long before sixteenth century ? Explain. **2**

**OR**

**(B)** How did trade help to spread diseases during the pre-modern world ? Explain. **2**

**6.** **(A)** Explain the role of Johann Gutenberg in the spread of print culture in Europe. **3**

**OR**

**(B)** Explain the role of print in the expansion of protestant reformation. **3**

**7.** **(A)** "Otto Von Bismarck was the architect of the unification of Germany." Examine the statement. **5**

**OR**

**(B)** "The 1830's were years of great economic hardship in Europe." Examine the statement. **5**

**8.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**'To the altar of this revolution we have brought our youth as incense'**

Many nationalists thought that the struggle against the British could not be won through non-violence. In the year 1928, the Hindustan Socialist Republican Army (HSRA) was founded at a meeting in Ferozeshah Kotla ground in Delhi. Amongst its leaders were Bhagat Singh, Jatin Das and Ajoy Ghosh. In a series of dramatic actions in different parts of India, the HSRA targeted some of the symbols of British power. In April 1929, Bhagat Singh and Batukeshwar Dutta threw a bomb in the Legislative Assembly. In the same year there was an attempt to blow up the train that Lord Irwin was travelling in. Bhagat Singh was 23 when he was tried and executed by the colonial government. During his trial, Bhagat Singh stated that he did not wish to glorify 'the cult of the bomb and pistol' but wanted a revolution in society –

'Revolution is the inalienable right of mankind. Freedom is the imprescriptible birthright of all. The labourer is the real sustainer of society. To the altar of this revolution we have brought our youth as incense, for no sacrifice is too great for so magnificent a cause. We are content. We await the advent of revolution. *Inquilab Zindabad!'*

8.1 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी' का गठन भारत के स्वतंत्रता संग्राम में एक महत्त्वपूर्ण मोड़ क्यों माना जाता है ? **1**

8.2 भगत सिंह के मुक़दमे के भाषणों ने उन्हें एक क्रांतिकारी से स्वतंत्रता के दार्शनिक में कैसे बदल दिया ? **1**

8.3 भगत सिंह ने अपनी पीढ़ी के लिए 'क्रांति' के अर्थ को किस प्रकार पुनर्परिभाषित किया ? स्पष्ट कीजिए। **2**

**9.** दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में दो स्थानों को **(A)** और **(B)** के रूप में अंकित किया गया है। निम्नलिखित जानकारी की सहायता से उन्हें पहचानिए और उनके सही नाम समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए :

**(A)** वह स्थान जहाँ जनरल डायर ने 13 अप्रैल, 1919 को एक शांतिपूर्ण सभा पर गोली चलाने के आदेश दिए थे। **1**

**(B)** वह स्थान जहाँ सन् 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। **1**

**नोट: निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 9 के स्थान पर है :**

**(A)** उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ 13 अप्रैल, 1919 को जनरल डायर ने एक शांतिपूर्ण सभा पर गोली चलाने के आदेश दिए थे। **1**

**(B)** उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ सन् 1927 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का अधिवेशन हुआ था। **1**

## खंड – ख

## भूगोल **20**

**10.** चिपको आंदोलन से संबंधित राज्य की पहचान कीजिए : **1**

(A) अरुणाचल प्रदेश
(B) मध्य प्रदेश
(C) उत्तराखंड
(D) बिहार

**11.** **स्तंभ – I** का मिलान **स्तंभ – II** से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ – I (कृषि के प्रकार)** | | **स्तंभ – II (विशेषताएँ)** | |
|---|---|---|---|
| I. | प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि | (a) | आधुनिक निवेशों के साथ कम श्रमिकों का उपयोग |
| II. | गहन जीविका कृषि | (b) | बड़े पैमाने पर एकल फसल की खेती |
| III. | वाणिज्यिक कृषि | (c) | कर्तन-दहन प्रणाली कृषि |
| IV. | रोपण कृषि | (d) | अधिक उत्पादन के लिए श्रम प्रधान कृषि |

**विकल्प :**

| | **I** | **II** | **III** | **IV** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (B) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (C) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (D) | (d) | (c) | (b) | (a) |

8.1 Why is the formation of 'Hindustan Socialist Republican Army (HSRA)' considered as a turning point in the freedom struggle of India ? 1

8.2 How did Bhagat Singh's trial speeches transform him from a revolutionary to a philosopher of freedom ? 1

8.3 In what way did Bhagat Singh redefine the meaning of 'revolution' for his generation ? Explain. 2

**9.** Two places **(A)** and **(B)** have been marked on the given political outline map of India. Identify them based on the information given below and write their correct names on the lines marked on the map near them : 

**(A)** The place where General Dyer ordered firing upon a peaceful gathering on 13 April, 1919. 1

**(B)** The place where the Session of Indian National Congress was held in the year 1927. 1

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of question number 9 :**

**(A)** Name the place where General Dyer ordered firing upon a peaceful gathering on 13 April, 1919. 1

**(B)** Name the place where the Session of Indian National Congress was held in the year 1927. 1

## SECTION – B
## Geography 20

**10.** Identify the state related with the Chipko Movement : 1

(A) Arunachal Pradesh (B) Madhya Pradesh
(C) Uttarakhand (D) Bihar

**11.** Match **Column - I** with **Column - II** and choose the correct option : 1

| **Column - I (Types of Farming)** | **Column - II (Features)** |
|---|---|
| I. Primitive subsistence farming | (a) Use of modern inputs with less labour |
| II. Intensive subsistence farming | (b) Single crop cultivation on large scale |
| III. Commercial farming | (c) Slash and burn cultivation |
| IV. Plantation farming | (d) Labour intensive cultivation |

**Options :**

| | I | II | III | IV |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (c) | (a) | (d) | (b) |
| (B) | (a) | (b) | (d) | (c) |
| (C) | (c) | (d) | (a) | (b) |
| (D) | (d) | (c) | (b) | (a) |

**12.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : **1**

खनिज

| लौह धातु | ? ----- | बहुमूल्य खनिज |
|---|---|---|
| निकल | बॉक्साइट | सोना |

**विकल्प :**

(A) ऊर्जा खनिज (B) अधात्विक खनिज

(C) अलौह खनिज (D) बहुमूल्य खनिज

**13.** भारत में भू-उपयोग को निर्धारित करने वाले तत्त्वों से संबंधित सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

(A) राजनीतिक और धार्मिक कारक

(B) सांस्कृतिक और भूगर्भिक कारक

(C) आर्थिक और ऐतिहासिक कारक

(D) भौतिक और मानवीय कारक

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा जोड़ा सही सुमेलित है ? **1**

| | **स्तंभ – A (राष्ट्रीय उद्यान)** | | **स्तंभ – B (राज्य)** |
|---|---|---|---|
| (A) | पेरियार | – | मध्य प्रदेश |
| (B) | मानस | – | असम |
| (C) | बांधवगढ़ | – | राजस्थान |
| (D) | कॉर्बेट | – | उत्तर प्रदेश |

**15.** प्रवाह चार्ट को पूरा करने के लिए दिए गए विकल्पों में से सही मृदा की पहचान कीजिए : **1**

**भारी वर्षा** + **उच्च निक्षालन** → ? ----- → **चाय और कॉफी उगाने के लिए उपयोगी**

**विकल्प :**

(A) जलोढ़ मृदा (B) लैटेराइट मृदा

(C) लाल मृदा (D) काली मृदा


**16.** बेहतर उत्पादकता और जैविक खेती के लिए कोई दो उपाय सुझाइये। **2**

**17.** **(A)** बढ़ती ऊर्जा की माँगों को पूरा करने में परमाणु ऊर्जा की भूमिका की परख कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत के रूप में भू-तापीय ऊर्जा की दक्षता की परख कीजिए। **5**

**12.** Choose the appropriate option to fill in the blank : **1**




**Options :**

(A) Energy Minerals
(B) Non-Metallic Minerals
(C) Non-Ferrous Minerals
(D) Precious Minerals


**13.** Choose the correct option related to the factors that determined the land use pattern in India : **1**

(A) Political and Religious factors
(B) Cultural and Geological factors
(C) Economical and Historical factors
(D) Physical and Human factors

**14.** Which one of the following pairs is correctly matched ? **1**

| | **Column – A (National Parks)** | | **Column – B (States)** |
|---|---|---|---|
| (A) | Periyar | – | Madhya Pradesh |
| (B) | Manas | – | Assam |
| (C) | Bandhavgarh | – | Rajasthan |
| (D) | Corbett | – | Uttar Pradesh |

**15.** Identify the correct soil from the given options to complete the flow chart : **1**




**Options :**

(A) Alluvial soil
(B) Laterite soil
(C) Red soil
(D) Black soil

**16.** Suggest any two measures for better productivity and organic farming. **2**

**17.** **(A)** Examine the role of nuclear energy in meeting growing demand of power. **5**

**OR**

**(B)** Examine the potential of geothermal energy as a renewable power source. **5**

**18.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

**बाढ़**

**बाढ़ के समय लिए जाने वाले मूलभूत सुरक्षा उपाय :**

- मौसम के ताज़ा बुलेटिन और बाढ़ की चेतावनियों के लिए रेडियो/टीवी सुनें। यह जानकारी दूसरों तक भी पहुँचाएँ।
- एक पारिवारिक आपातकालीन किट तैयार रखें, जिसमें पोर्टेबल रेडियो/ट्रांजिस्टर, टॉर्च, अतिरिक्त बैटरियाँ, प्राथमिक उपचार बॉक्स व आवश्यक दवाइयाँ, ओआरएस, सूखा भोजन, पीने का पानी, माचिस, मोमबत्तियाँ और अन्य ज़रूरी सामान शामिल हों।
- अपने घर में हरिकेन लैम्प, रस्सियाँ, रबड़ ट्यूब, छाता और बाँस की छड़ी रखें। ये उपयोगी हो सकते हैं।
- नकद धनराशि, गहने, कीमती सामान और महत्त्वपूर्ण दस्तावेज़ सुरक्षित स्थान पर रखें।
- बाढ़ आने की स्थिति में परिवार के सदस्यों और पशुओं के साथ सुरक्षित स्थान जैसे राहत शिविर, निकासी केन्द्र या ऊँचे मैदानों पर चले जाएँ और वहाँ शरण लें।
- घर छोड़ने से पहले बिजली और गैस कनेक्शन बंद कर दें।

**बाढ़ के दौरान**

- बाढ़ के पानी में प्रवेश न करें, यह खतरनाक हो सकता है।
- बच्चों को बाढ़ के पानी में या उसके आसपास न खेलने दें।
- सीवर लाइन, नालियों, ड्रेनों और कलवर्ट्स से दूर रहें।
- साँपों से सावधान रहें, बाढ़ के समय साँप के काटने की घटनाएँ आम होती हैं।
- बिजली के खंभों और गिरी हुई तारों से दूर रहें ताकि करंट से बचा जा सके।
- गीले विद्युत उपकरणों का उपयोग न करें, उपयोग से पहले उनकी जाँच कराएँ।
- ताज़ा पका हुआ और सूखा भोजन खाएँ। भोजन को हमेशा ढककर रखें।
- उबला और छना हुआ पानी ही पिएँ।
- घर के आसपास की नालियाँ और गटर साफ रखें।
- पानी का जमाव मच्छरों और जल-जनित बीमारियों को जन्म दे सकता है। बीमार पड़ने पर तुरंत चिकित्सकीय सहायता लें।
- आसपास की सफाई और कीटाणुनाशन के लिए ब्लीचिंग पाउडर और चूने का उपयोग करें।

18.1 बाढ़ के बाद पानी का उपयोग करने से पहले कोई एक सावधानी सुझाइए। **1**

18.2 बाढ़ के दौरान खाद्य सामग्री सुरक्षा संबंधित किन्हीं दो उपायों का उल्लेख कीजिए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

18.3 बाढ़ की चेतावनी के दौरान घर से निकलने से पहले के कोई दो उपाय सुझाइए। **2**

**18.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

## FLOODS

**Basic safety precautions to be taken :**

- Listen to radio/TV for the latest weather bulletins and flood warnings. Pass on the information to others.
- Make a family emergency kit which should include, a portable radio/transistor, torch, spare batteries, a first aid box along with essential medicines, ORS, dry food items, drinking water, matchboxes, candles and other essential items.
- Keep hurricane lamp, ropes, rubber tubes, umbrella and bamboo stick in your house. These could be useful.
- Keep your cash, jewellery, valuables, important documents etc. in a safe place.
- If there is a flood, move along with your family members and cattle to safe areas like relief camps, evacuation centers, elevated grounds where you can take shelter.
- Turn off power and gas connections before leaving your house.

**During Floods**

- Don't enter into flood waters; it could be dangerous.
- Don't allow children to play in or near flood waters.
- Stay away from sewerage line, gutters, drains, culverts etc.
- Be careful of snakes; snakebites are common during floods.
- Stay away from electric poles and fallen power-lines to avoid electrocution.
- Don't use wet electrical appliances, get them checked before use.
- Eat freshly cooked and dry food. Always keep your food covered.
- Use boiled and filtered drinking water.
- Keep all drains, gutters near your house clean.
- Stagnation of water can breed vector/water-borne diseases. In case of sickness, seek medical assistance.
- Use bleaching powder and lime to disinfect the surroundings.

18.1 Suggest one precaution before using water after floods. **1**

18.2 Mention any two measures related to protection of food items during floods. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}=1$

18.3 Suggest two actions to be taken before leaving the house during a flood warning. **2**

**19.** प्रश्न संख्या 9 के लिए दिए गए भारत के उसी रेखा–मानचित्र पर निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइये और उनके नाम लिखिए :

19.1 महानदी पर निर्मित बांध। 1

19.2 उत्तर प्रदेश में स्थित परमाणु ऊर्जा संयंत्र। 1

19.3 महाराष्ट्र में स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क। 1

19.4 गुजरात में स्थित प्रमुख समुद्री पत्तन। 1

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 19 के स्थान पर है।**
**किन्हीं तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

19.1 उस बांध का नाम लिखिए जो महानदी पर स्थित है। 1

19.2 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ उत्तर प्रदेश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थित है। 1

19.3 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ महाराष्ट्र में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है। 1

19.4 उस स्थान का नाम लिखिए जहाँ गुजरात में प्रमुख समुद्री पत्तन अवस्थित है। 1

## खंड – ग

## राजनीति विज्ञान 20

**20.** राजनीतिक दलों से संबंधित विषम की पहचान कीजिए : 1

(A) भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)

(B) राष्ट्रीय जनता दल और लोक जनशक्ति पार्टी

(C) भारतीय राष्ट्रीय लोकदल और जननायक जनता पार्टी

(D) राष्ट्रीय लोकदल और जनसत्ता दल

**21.** नीचे दो कथन दिए गए हैं। ये **अभिकथन (A)** और **कारण (R)** हैं। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

**अभिकथन (A) :** श्रीलंका और बेल्ज़ियम दोनों को जातीय और भाषायी विविधता से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

**कारण (R) :** श्रीलंका में तमिल बहुसंख्यक थे जबकि बेल्ज़ियम में फ्रेंच भाषी बहुसंख्यक थे। 1

**विकल्प :**

(A) दोनों, (A) और (R) सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) दोनों, (A) और (R) सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या **नहीं** करता है।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।

**19.** On the same outline map of India, given for Q. No. 9, locate and label **any three** of the following with suitable symbols :

19.1 The dam built on Mahanadi river. **1**

19.2 Nuclear power plant located in Uttar Pradesh. **1**

19.3 Software technology park located in Maharashtra. **1**

19.4 Major sea port located in Gujarat. **1**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of question number 19.**

Attempt **any three** questions :

19.1 Name the dam which is located on Mahanadi river. **1**

19.2 Name the place where nuclear power plant is located in Uttar Pradesh. **1**

19.3 Name the place where the software technology park is located in Maharashtra. **1**

19.4 Name the place where major sea port is located in Gujarat. **1**

## SECTION – C

## Political Science **20**

**20.** Find the odd one out regarding the Political Parties of India : **1**

(A) Indian National Congress and Communist Party of India (M)

(B) Rashtriya Janta Dal and Lok Jan Shakti Party

(C) Indian National Lok Dal and Jan Nayak Janta Party

(D) Rashtriya Lok Dal and Jan Satta Dal

**21.** Two statements are given below. They are **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Read both the statements carefully and choose the correct option :

**Assertion (A) :** Both, Sri Lanka and Belgium faced challenges of ethnic and linguistic diversity.

**Reason (R) :** Sri Lanka had majority of Tamils whereas Belgium had majority of French speaking people. **1**

**Options :**

(A) Both, (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both, (A) and (R) are true, but (R) is **not** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**22.** वर्ष 1992 में भारत द्वारा उठाए गए विकेन्द्रीकरण के कदमों के संदर्भ में दिए गए कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

I. स्थानीय स्वशासी निकायों के लिए अनिवार्य नियमित चुनाव

II. दो-तिहाई पदों पर महिलाओं के लिए आरक्षण

III. राज्य चुनाव आयोग का गठन

IV. अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए पदों पर आरक्षण

**विकल्प :**

(A) I, II और III सही हैं। (B) I, III और IV सही हैं।

(C) II, III और IV सही हैं। (D) I, II और IV सही हैं।

**23.** दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखिए और सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :



इस चित्र से निम्नलिखित में से कौन-से मूल्य प्रतिबिंबित हो रहे हैं ? **1**

(A) एकता और अखंडता

(B) समानता और न्याय

(C) बहु-कार्य और समर्पण

(D) धर्म और रीति-रिवाज़

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 23 के स्थान पर है।**

महिलाओं और पुरुषों के लिए समान अधिकारों और अवसरों की वकालत करने वाले आंदोलन को क्या कहते हैं ? **1**

(A) उदारवाद (B) रूमानीवाद

(C) नारीवाद (D) समाजवाद

**24.** संघवाद की किन्हीं दो विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। **2**

**25.** ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा में महिलाओं को समर्थन देने के कोई दो उपाय सुझाइए। **2**

**26.** ''लोकतंत्र में राजनीतिक दल अनेक कार्य करते हैं।'' इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए। **3**

**27.** **(A)** ''लोकतंत्र नागरिकों को शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण जीवन उपलब्ध कराता है।'' इस कथन की परख कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** ''लोकतंत्र विचार-विमर्श और बातचीत के विचार पर आधारित है।'' इस कथन की परख कीजिए। **5**

**22.** Read the following statements regarding decentralization step India took in the year 1992 and choose the correct option : **1**

I. Mandatory regular elections for local bodies

II. Two-third seats reserved for women

III. Formation of the State Election Commission

IV. Seats reserved for Schedule Castes and Schedule Tribes

**Options :**

(A) I, II and III are correct. (B) I, III and IV are correct.

(C) II, III and IV are correct. (D) I, II and IV are correct.

**23.** Look at the given picture carefully and choose the most appropriate option :



Which of the following values is being reflected through this picture ? **1**

(A) Unity and integration

(B) Equality and Justice

(C) Multitasking and Dedication

(D) Religions and Rituals

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of question number 23.**

The movement that advocates equal rights and opportunities for women and men is called : **1**

(A) Liberalism

(B) Romanticism

(C) Feminism

(D) Socialism

**24.** Explain any two features of federalism. **2**

**25.** Suggest any two ways to support women in education in rural areas. **2**

**26.** "Political parties perform a series of functions in the democracy." Explain the statement with examples. **3**

**27.** **(A)** "Democracies lead to peaceful and harmonious life among citizens." Examine the statement. **5**

**OR**

**(B)** "Democracy is based on the idea of deliberations and negotiations." Examine the statement. **5**

**28.** दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**सत्ता की भागीदारी**

सत्ता के बँटवारे का एक रूप हम विभिन्न प्रकार के दबाव-समूह और आंदोलनों द्वारा शासन को प्रभावित और नियंत्रित करने के तरीके में भी लक्ष्य कर सकते हैं। लोकतंत्र में लोगों के सामने सत्ता के दावेदारों के बीच चुनाव का विकल्प ज़रूर रहना चाहिए। समकालीन लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में यह विकल्प विभिन्न पार्टियों के रूप में उपलब्ध होता है। पार्टियाँ सत्ता के लिए आपस में प्रतिस्पर्धा करती हैं। पार्टियों की यह आपसी प्रतिद्वंद्विता ही इस बात को सुनिश्चित कर देती है कि सत्ता एक व्यक्ति या समूह के हाथ में न रहे। एक बड़ी समयावधि पर गौर करें तो पाएँगे कि सत्ता बारी-बारी से अलग-अलग विचारधारा और सामाजिक समूहों वाली पार्टियों के हाथ आती-जाती रहती है। कई बार सत्ता की यह भागीदारी एकदम प्रत्यक्ष दिखती है क्योंकि दो या अधिक पार्टियाँ मिलकर चुनाव लड़ती हैं या सरकार का गठन करती हैं। लोकतंत्र में हम व्यापारी, उद्योगपति, किसान और औद्योगिक मजदूर जैसे कई संगठित हित-समूहों को भी सक्रिय देखते हैं। सरकार की विभिन्न समितियों में सीधी भागीदारी करके या नीतियों पर अपने सदस्य-वर्ग के लाभ के लिए दबाव बनाकर ये समूह भी सत्ता में भागीदारी करते हैं।

28.1 दबाव समूह सरकार को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? **1**

28.2 सत्ता की साझेदारी में सामाजिक समूह किस प्रकार लाभान्वित होते हैं ? **1**

28.3 सत्ता की साझेदारी में नागरिकों के योगदान की व्याख्या कीजिए। **2**

## खंड – घ

## अर्थशास्त्र **20**

**29.** निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन 'मानव विकास रिपोर्ट' प्रकाशित करता है ? **1**

(A) विश्व व्यापार संगठन (B) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(C) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (D) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम

**30.** निम्नलिखित में से उदारीकरण का सबसे अच्छा वर्णन कौन-सा है ? **1**

(A) घरेलू उद्योगों की सुरक्षा

(B) विदेशी कंपनियों पर प्रतिबंध

(C) व्यापार पर से प्रतिबंध हटाना

(D) विदेशी निवेश पर प्रतिबंध

**31.** निम्नलिखित केस को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए :

स्वप्ना का गाँव में अपना एक खेत है। खेती के खर्चों को पूरा करने के लिए वह ऋण लेना चाहती है।

निम्नलिखित में से किस स्रोत से स्वप्ना को ऋण लेना चाहिए ? **1**

(A) भारतीय रिज़र्व बैंक (B) नजदीकी राष्ट्रीयकृत बैंक

(C) गाँव के साहूकार (D) कृषि व्यापारी

**28.** Read the given source carefully and answer the questions that follow :

**POWER SHARING**

Power sharing arrangements can also be seen in the way political parties, pressure groups and movements control or influence those in power. In a democracy, the citizens must have freedom to choose among various contenders for power. In contemporary democracies, this takes the form of competition among different parties. Such competition ensures that power does not remain in one hand. In the long run, power is shared among different political parties that represent different ideologies and social groups. Sometimes this kind of sharing can be direct, when two or more parties form an alliance to contest elections. If their alliance is elected, they form a coalition government and thus share power. In a democracy, we find interest groups, such as those of traders, businessmen, industrialists, farmers and industrial workers. They also will have a share in governmental power, either through participation in governmental committees or bringing influence on the decision-making process.

28.1 How do pressure groups influence the government ? **1**

28.2 How do social groups benefit from power sharing ? **1**

28.3 Explain the contributions of citizens in the power sharing process ? **2**

## SECTION – D

### Economics **20**

**29.** Which of the following organisations publishes the 'Human Development Report' ? **1**

(A) World Trade Organisation
(B) World Health Organisation
(C) United Nations Environmental Program
(D) United Nations Development Program

**30.** Which one of the following best describes liberalisation ? **1**

(A) Protecting domestic industries
(B) Banning foreign companies
(C) Removal of restrictions on trade
(D) Restricting foreign investment

**31.** Read the following case and choose the correct option :

Swapna owns a small farm in her village. She wants to take loan to meet the expense of cultivation.

From which of the following sources should Swapna take the loan ? **1**

(A) Reserve Bank of India
(B) Nearest nationalised bank
(C) Moneylender of the village
(D) Agricultural trader

**32.** **स्तंभ – I** का मिलान **स्तंभ – II** से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : **1**

| **स्तंभ – I (स्वामित्व के आधार पर क्षेत्रक)** | **स्तंभ – II (उदाहरण)** |
|---|---|
| a. सार्वजनिक क्षेत्रक | (i) अमूल डेयरी |
| b. निजी क्षेत्रक | (ii) मारुति सुजुकी |
| c. संयुक्त क्षेत्रक | (iii) तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम |
| d. सहकारी क्षेत्रक | (iv) एयरटेल लिमिटेड |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**33.** नीचे दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर लिखिए :

**राज्य की ग्रामीण जनसंख्या की शैक्षिक उपलब्धि**

| **श्रेणी** | **पुरुष** | **महिला** |
|---|---|---|
| I. ग्रामीण जनसंख्या की साक्षरता दर | 76% | 54% |
| II. 10-14 वर्ष आयु–वर्ग के ग्रामीण बच्चों की साक्षरता दर | 90% | 87% |
| III. 10-14 वर्ष आयु–वर्ग के स्कूल जाने वाले ग्रामीण बच्चों की प्रतिशतता | 85% | 82% |

यदि 10–14 वर्ष आयु–वर्ग के ग्रामीण बच्चों को देखा जाए तो दिए गए प्रतिशत के आधार पर कितनी लड़कियाँ स्कूल जा रही हैं ? **1**

(A) 90 (B) 85
(C) 82 (D) 83

**34.** रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

साक्षरता दर ________ और उससे अधिक आयु के लोगों में, साक्षर जनसंख्या का अनुपात है। **1**

(A) 7 वर्ष (B) 8 वर्ष
(C) 9 वर्ष (D) 10 वर्ष

**35.** ''नई प्रौद्योगिकी ने दुनिया को आपस में जुड़ने में सहायता की है।'' इस कथन को उपयुक्त तर्कों द्वारा न्यायसंगत ठहराइये। **3**

**36.** ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण के औपचारिक स्रोतों का विस्तार क्यों आवश्यक है ? स्पष्ट कीजिए। **3**

**37.** विकास की धारणीयता क्यों आवश्यक है ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। **3**

**38.** **(A)** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोज़गार सृजन में सार्वजनिक कार्यक्रमों का वर्णन कीजिए। **5**

**अथवा**

**(B)** ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक क्षेत्रक की भूमिका का वर्णन कीजिए। **5**

**32.** Match **Column - I** with **Column - II** and choose the correct option : **1**

| **Column - I (Sectors on the basis of ownership)** | **Column - II (Examples)** |
|---|---|
| a. Public Sector | (i) Amul Dairy |
| b. Private Sector | (ii) Maruti Suzuki |
| c. Joint Sector | (iii) Oil and Natural Gas Corporation |
| d. Cooperative Sector | (iv) Airtel Limited |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (B) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (C) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (D) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**33.** Study the data of a State given below and answer the question that follow :

**Educational achievement of rural population of State**

| | **Category** | **Males** | **Females** |
|---|---|---|---|
| I. | Literacy rate of rural population | 76% | 54% |
| II. | Literacy rate of rural children in age group of 10-14 years | 90% | 87% |
| III. | Percentage of rural children aged 10-14 years attending school | 85% | 82% |

If rural children aged 10-14 years are considered, then how many female children are attending school ? **1**

(A) 90 (B) 85

(C) 82 (D) 83

**34.** Choose the correct option to fill the blank :

Literacy Rate is expressed as a proportion of the literate population in the age group _____ and above. **1**

(A) 7 years (B) 8 years

(C) 9 years (D) 10 years

**35.** "New technology has helped the world to become connected." Justify the statement with suitable arguments. **3**

**36.** Why is it necessary to expand formal sources of credit in rural areas ? Explain. **3**

**37.** Why is sustainable development essential ? Explain with examples. **3**


**38.** **(A)** Describe the Public work programs in job creation at rural and urban areas. **5**

**OR**

**(B)** Describe the role of primary sector in the rural areas. **5**

प्रश्न संख्या 9 और 19 के लिए मानचित्र

**Map for question numbers 9 and 19**






✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें ✂ Cut Here यहाँ से काटें